# बंद हैंडपंप, टूटी सड़कें और अंधेरे से रहवासी परेशान

**खास बातें**
- गंजबासौदा के वार्ड 1 और 3 में बदहाल मूलभूत सुविधाएं
- गरीब बस्तियों में वर्षों से नहीं हुआ विकास
- नगर पालिका से जल्द समाधान की मांग

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 28 जुलाई, रेलवे स्टेशन के समीप स्थित वार्ड क्रमांक 1 फ्रीगंज और वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती के रहवासी वर्षों से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं. क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि वार्ड क्रमांक 1 में पिछले लगभग पांच वर्षों से कई हैंडपंप बंद पड़े हैं, लेकिन नगर पालिका द्वारा उन्हें अब तक दुरुस्त नहीं कराया गया. इससे गर्मी और बरसात के दिनों में पेयजल संकट गहरा जाता है.**

रहवासियों के अनुसार वार्ड की कई गलियों में आज तक जलप्रदाय पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है. जगह-जगह नालियां टूटी हुई हैं और सड़कों की हालत भी बेहद खराब है. बरसात के दौरान जलभराव और कीचड़ के कारण लोगों का आवागमन मुश्किल हो जाता है.क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था भी बदहाल बनी हुई है. विद्युत पोलों पर कम क्षमता और घटिया गुणवत्ता के एलईडी बल्ब लगाए गए हैं, जो बार-बार फ्यूज हो जाते हैं. नागरिकों का आरोप है कि संबंधित ठेकेदार के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण समय पर बल्ब नहीं बदले जाते. ठेकेदार द्वारा बल्ब उपलब्ध नहीं होने की बात कही जाती है, जिसके कारण अधिकांश गलियां रात में अंधेरे में डूबी रहती हैं.वार्डवासियों का कहना है कि नालियां गंदगी से पूरी तरह भरी हुई हैं, जिससे बदबू और मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है. उनका आरोप है कि वार्ड में अधिकांश गरीब और मजदूर परिवार रहते हैं, जो सुबह काम पर निकल जाते हैं. इसी कारण उनकी समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता, जबकि संपन्न क्षेत्रों में नियमित सफाई और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं.इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 3 नई बस्ती की स्थिति भी चिंताजनक बनी हुई है. यहां आज भी कई स्थानों पर सड़कें नहीं हैं और नालियों का अभाव है. गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी होती है. सार्वजनिक गलियों और नालियों पर अतिक्रमण होने से आवागमन बाधित हो रहा है. बरसात के मौसम में जहरीले जीव-जंतु निकलने का खतरा बना रहता है और अंधेरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है.नई बस्ती के रहवासियों ने मांग की है कि यदि तत्काल पक्की सड़क बनाना संभव नहीं है तो कम से कम गिट्टी और चूरी डालकर रास्तों को चलने योग्य बनाया जाए, ताकि दोपहिया और चारपहिया वाहन निकल सकें तथा पैदल राहगीरों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े.क्षेत्र के नागरिकों ने नगर पालिका परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि वार्ड क्रमांक 1 और 3 की इन मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए. बंद हैंडपंपों की मरम्मत, जलप्रदाय पाइप लाइन का विस्तार, टूटी नालियों और सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार तथा सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हटाने जैसी आवश्यक कार्रवाई जल्द की जाए, ताकि दोनों वार्डों के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें.



### पिछड़ी बस्तियों का जमीनी निरीक्षण करें नगर पालिका अधिकारी, वर्षों पुरानी समस्याओं का हो समाधान

नगर की पिछड़ी बस्तियों में रहने वाले नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका परिषद के अधिकारियों को स्वयं वार्डों में पहुंचकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करना चाहिए. अधिकारियों को वार्डवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याएं सुननी चाहिए, ताकि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का सही आकलन हो सके और उनका समयबद्ध निराकरण किया जा सके.नागरिकों का कहना है कि नगर के कई वार्डों की समस्याएं वर्षों पुरानी हैं. इनसे संबंधित फाइलें पहले से ही नगर पालिका परिषद के कार्यालय में उपलब्ध हैं. ऐसे में हर बार नई फाइल तैयार करने की बात कहना उचित नहीं है. आवश्यकता इस बात की है कि पुराने रिकॉर्ड को निकालकर लंबित कार्यों पर कार्रवाई शुरू की जाए.




### नई फाइलें बनाने के बजाय पुराने रिकॉर्ड के आधार पर हो कार्रवाई, वार्डवासियों से सीधे संवाद की मांग

रहवासियों का कहना है कि यदि पुरानी फाइलें उपलब्ध नहीं हैं तो यह भी जांच का विषय होना चाहिए, क्योंकि नगर पालिका परिषद से वर्षों पुराना रिकॉर्ड गायब होने की बातें पहले भी सामने आती रही हैं. संभव है कि वार्डों से संबंधित कई महत्वपूर्ण फाइलें भी उसी रिकॉर्ड में शामिल रही हों.लोगों का कहना है कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उपयंत्री हाल ही में पदस्थ हुए हैं, इसलिए उन्हें पुराने मामलों की पूरी जानकारी नहीं होना स्वाभाविक है. लेकिन नगर पालिका में वर्षों से कार्यरत कर्मचारी वार्डों की समस्याओं और लंबित विकास कार्यों से भली-भांति परिचित हैं. ऐसे कर्मचारियों से जानकारी लेकर पुराने प्रकरणों का निराकरण कराया जाना चाहिए.नगरवासियों ने मांग की है कि नगर पालिका परिषद कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर निरीक्षण करे और पिछड़ी बस्तियों में पेयजल, सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट तथा सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करे. इससे आम नागरिकों को राहत मिलेगी और नगर के संतुलित विकास का उद्देश्य भी पूरा होगा.

## जनसमस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- पेंशन भुगतान, बिजली आपूर्ति
- खेल मैदान और आवारा गौवंश की समस्या के समाधान की मांग



नवभारत न्यूज

**नटेरन 28 जुलाई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नटेरन के नेतृत्व में कांग्रेस परिवार के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.**

ज्ञापन में प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन एवं विधवा पेंशन के हितग्राहियों को पिछले पांच माह से राशि नहीं मिलने का मुद्दा उठाया गया. कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि लंबित पेंशन राशि शीघ्र हितग्राहियों के खातों में जमा कराई जाए तथा भविष्य में प्रत्येक माह नियमित रूप से पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाए.ज्ञापन में नटेरन में खेल प्रेमी युवाओं के लिए खेल मैदान उपलब्ध कराने की मांग भी की गई. इसके अलावा पूरे ग्रामीण क्षेत्र में घोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने तथा किसानों को प्रतिदिन 10 घंटे विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की मांग रखी गई.कांग्रेस नेताओं ने आवारा गोवंश की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि सड़कों पर घूम रहे गोवंश के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है. उन्होंने गौशालाओं की नियमित मॉनीटरिंग कर आवारा गोवंश को तत्काल गौशालाओं में शिफ्ट कराने की मांग की.ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान नीलेश रघुवंशी, देवेंद्र शर्मा, रामसेवक रघुवंशी, अमर सिंह यादव, रघुवीर दीक्षित, भारत सिंह रघुवंशी, रामस्वरूप जाटव, सचिन रघुवंशी, रविंद्र रघुवंशी, विनोद रघुवंशी, रामकृष्ण मीणा, रणजीत सिंह रघुवंशी, श्रीकिसन विश्वकर्मा, महेश दुबे, बाबूलाल जाटव, रामसेवक मीणा, बुंदेल लोधी, सुमित अहिरवार, भीकम मीणा, चरण पटेल, हरिओम राठौर, सुरेंद्र मीणा, गोलू रघुवंशी सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### कॉलेजों की रिक्त सीटों पर 31 जुलाई तक मिलेगा प्रवेश

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** जिले के 11 शासकीय महाविद्यालयों की 36.57 प्रतिशत तथा अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों की 59 प्रतिशत सीटें अब भी रिक्त हैं. उच्च शिक्षा विभाग ने सीएलसी राउंड के तहत 31 जुलाई तक प्रवेश लेने के निर्देश जारी किए हैं. इसके बाद रिक्त सीटों पर भी प्रवेश नहीं मिलेगा. राजमाता विजयाराजे सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रवेश शाखा प्रभारी श्रीमती सविता सोनी ने विद्यार्थियों से समय सीमा के भीतर प्रवेश लेने की अपील की.

## सिद्ध मां अन्नपूर्णा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** सिद्ध मां अन्नपूर्णा दरबार, राजेंद्र गिरी (लोहंगी पहाड़ी) पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया है. यह धार्मिक कार्यक्रम बुधवार 29 जुलाई को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा.

आयोजकों ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर श्रद्धालु महाआरती में शामिल होकर मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे. इसके पश्चात सभी भक्तों के लिए प्रसादी का वितरण किया जाएगा.आयोजन समिति ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाने एवं प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है.

### बच्चों को नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज में स्कूली बच्चों की सुरक्षा और जागरूकता को लेकर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया.थाना सिरोंज एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने सरस्वती शिशु मंदिर एवं इकरा पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया.कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव तथा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को तंबाकू, गुटखा एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया.साइबर सुरक्षा सत्र में विद्यार्थियों को ओटीपी, बैंक एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी अनजान व्यक्ति से साझा नहीं करने, संदिग्ध लिंक से बचने तथा साइबर अपराध होने पर राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई.यातायात जागरूकता के तहत सड़क सुरक्षित तरीके से पार करने, स्कूल बस में अनुशासन बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन करने के साथ ही राह-वीर योजना, कैशलेस उपचार योजना एवं हिट एंड रन प्रतिकर योजना की जानकारी भी दी गई.एसडीओपी सोनू डाबर, थाना प्रभारी गजेंद्र बुंदेला एवं यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला ने कहा कि बच्चों को नशे, साइबर अपराध और सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षित रखना समाज और पुलिस की साझा जिम्मेदारी है.

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ‘राहुल भैया’ का विदिशा आगमन

**पूर्व जनपद अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी के निवास पर हुआ सम्मान**



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया का पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी के निवास पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नेताओं ने स्वागत एवं सम्मान किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने केंद्र सरकार के कथित व्यवहार को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया. छात्रों ने अपनी समस्याओं और नाराजगी से अजय सिंह राहुल भैया को अवगत कराया. इस दौरान अजय सिंह राहुल भैया ने विद्यार्थियों से अलग-अलग चर्चा कर उनकी बातें सुनीं.अजय सिंह राहुल भैया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, हम आपके साथ हैं. जो भी षड्यंत्रकारी लोग हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा. पूरी स्थिति अब देश के सामने आ चुकी है और पूरा देश सब कुछ देख और समझ रहा है. इसका जवाब जिम्मेदार लोगों को समय आने पर देना होगा.उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में युवाओं और विद्यार्थियों की आवाज को दबाया नहीं जा सकता तथा उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए.इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे. सभी ने संगठन की मजबूती और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया.

### नशे के दुष्परिणामों से छात्राओं को किया जागरूक

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार ने की, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका तिवारी मुख्य अतिथि एवं वक्ता रहीं. उन्होंने छात्राओं को नशे की लत के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी तथा नशामुक्ति की शपथ दिलाई. कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका रेणुका वंशकार ने किया. इस अवसर पर डॉ. मलखान सिंह, प्रो. नीता दीक्षित, लेफ्टिनेंट डॉ. विनीता प्रजापति, महाविद्यालय स्टाफ, छात्राएं एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे.

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में ओलम्पस हाई स्कूल का शानदार प्रदर्शन

- चार खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय एसजीएफआई प्रतियोगिता के लिए चयन, विद्यालय में खुशी का माहौल



नवभारत न्यूज

**विदिशा. ओलम्पस हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने एसजीएफआई जिला स्तरीय शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है. जिलेभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और प्रतिभा का परिचय दिया.**

प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय के चार खिलाड़ियों का संभाग स्तरीय एसजीएफआई बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है. चयनित खिलाड़ियों में अंडर-14 बालक वर्ग से अथर्व राज सिंह एवं विहान लश्करी तथा अंडर-19 बालक वर्ग से अभिनव शुक्ला एवं नमन तिवारी शामिल हैं.विद्यालय प्रबंधन ने चयनित खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी खिलाड़ी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय का गौरव बढ़ाएंगे.इस अवसर पर स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है.

## शक्ति संचय अभियान में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण सम्पन्न, नशा मुक्ति का लिया संकल्प

- जनभागीदारी से ही सफल होंगे सामाजिक अभियान



नवभारत न्यूज

**सिरोंज, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ.**

प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने एक पेड़ मां के नाम अंकुर अभियान, स्वैच्छिकता पखवाड़ा, तिरंगा रैली, हरियाली यात्रा, समितियों के दस्तावेजीकरण तथा नवांकुर संस्थाओं की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के प्रवेश लक्ष्य को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलबीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. लालचंद राजपूत ने कहा कि किसी भी सामाजिक अभियान की वास्तविक सफलता तभी संभव है, जब उसमें समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो.उन्होंने जन अभियान परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी से जनहित के अभियानों को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया.बैठक में नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया तथा आगामी गतिविधियों की रूपरेखा साझा की। समापन अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी दोहराया. कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि रामचरण कुर्मी, प्रमोद रघुवंशी, किशोर पटेल, प्रथम रघुवंशी, परामर्शदाता जितेंद्र दांगी, गंगा अहिरवार, सीएम इंटर्न, प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही। अंत में विकासखंड समन्वयक चरण सिंह दांगी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया.

## वेदांत आश्रम में 30 जुलाई से तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव, जगद्गुरु रामानंदाचार्य देंगे प्रवचन

- 31 जुलाई को होगी गुरु दीक्षा, श्रावण मास के उपलक्ष्य में प्रतिदिन होगा शिवलिंग निर्माण एवं वैदिक पूजन



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम में 30 जुलाई से 1 अगस्त तक तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा. महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित होगा.**

आश्रम के महंत स्वामी हरिहर दास महाराज ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन में वाराणसी से श्रीमद् जगद्गुरु रामानंदाचार्य काशी पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज 30 जुलाई को प्रात: वेदांत आश्रम, जीवाजीपुर पहुंचेंगे. उनके पावन सानिध्य में 30 एवं 31 जुलाई तथा 1 अगस्त तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.उन्होंने बताया कि महोत्सव के दौरान प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक जगद्गुरु महाराज श्रद्धालुओं को दिव्य आशीर्वचन प्रदान करेंगे तथा धर्म, अध्यात्म और सनातन संस्कृति पर प्रेरक प्रवचन देंगे. 31 जुलाई को श्रद्धालुओं को गुरु दीक्षा भी प्रदान की जाएगी.महंत स्वामी हरिहर दास महाराज ने बताया कि श्रावण मास का शुभारंभ गुरु पूर्णिमा से हो रहा है. इस अवसर पर वेदांत आश्रम में प्रतिदिन शिवलिंग का निर्माण कर वैदिक विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया जाएगा. महोत्सव के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है.उन्होंने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से गुरु पूर्णिमा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाने की अपील की.

**मौन सूचना**

विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.

ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO

विकास पचौरी रेडियो 84 35 250 250

और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए

**मांग** | विभिन्न मांगों को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मांगें पूरी नहीं होने पर भूख हड़ताल की चेतावनी

## डिग्री कॉलेज, माला देवी मंदिर मार्ग और सुंतला बस्ती की सीसी सड़क निर्माण की उठाई मांग

नवभारत न्यूज

**ग्यारसपुर. पुरातत्व नगरी ग्यारसपुर के ग्रामीणों ने क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में प्रमुख रूप से शासकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना, माला देवी मंदिर से पुरातत्व धरोहर क्षेत्र तक सीसी सड़क निर्माण तथा सुंतला बस्ती से स्कूल तक सीसी सड़क बनाए जाने की मांग की गई.**

ग्रामीणों ने बताया कि ग्यारसपुर ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण नगर है. यहां माला देवी मंदिर सहित अनेक प्राचीन धरोहरें स्थित हैं, जहां प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक और श्रद्धालु पहुंचते हैं. इसके बावजूद माला देवी मंदिर से पुरातत्व स्थलों तक जाने वाले मार्ग पर पक्की सड़क नहीं होने से लोगों और पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. उन्होंने इस मार्ग पर शीघ्र सीसी सड़क निर्माण कराने की मांग की.ज्ञापन में ग्यारसपुर में शासकीय डिग्री कॉलेज खोलने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई. ग्रामीणों का कहना है कि कॉलेज नहीं होने के कारण क्षेत्र के अनेक छात्र-छात्राओं, विशेषकर बेटियों, को उच्च शिक्षा के लिए दूसरे शहरों में जाना पड़ता है. आर्थिक एवं परिवहन संबंधी कठिनाइयों के कारण कई विद्यार्थी बीच में ही पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जाते हैं.इसके अलावा सुंतला बस्ती से स्कूल तक सीसी सड़क निर्माण की मांग करते हुए ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम में विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी होती है. सड़क बनने से स्कूली बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी बड़ी राहत मिलेगी.ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन तेज करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल पर बैठने के लिए भी मजबूर होंगे.एसडीएम ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित करने का आश्वासन दिया.

### राजेंद्रगिरी पर होगा वायु परीक्षण गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा एवं गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार 29 जुलाई को शाम 5:30 बजे राजेंद्रगिरी लुहाँगी पहाड़ी पर धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री के निर्देशन में ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर की वराही संहिता पद्धति से वर्षा की भविष्यवाणी हेतु वायु परीक्षण किया जाएगा. वहीं धर्माधिकारी कार्यालय में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत गुरु पादुका पूजन, गुरु स्तवन, आरती, नवीन शिष्यों को गुरु मंत्र दीक्षा तथा प्रसाद वितरण होगा. धर्माधिकारी ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशक भगवान श्रीकृष्ण ही समस्त जगत के गुरु हैं.

## त्रिमूर्ति जैन मंदिर में अष्टान्हिका महापर्व पर आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. बरेठ रोड स्थित त्रिमूर्ति जैन मंदिर में जैन समाज के पावन अष्टान्हिका महापर्व के अवसर पर सिद्ध प्रभु की आराधना के लिए आठ दिवसीय सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ किया गया.**

धार्मिक आयोजन में समाज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं.महापर्व के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सिद्धचक्र महामंडल विधान, पूजन एवं आरती की जा रही है. मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान बना हुआ है.आयोजन में नगर के ब्रह्मचारी मयूर भैया के निर्देशन तथा विधानाचार्य सृजन भैया के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं. उनके मार्गदर्शन में श्रद्धालु विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सिद्ध प्रभु की आराधना कर रहे हैं.जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि अष्टान्हिका महापर्व आत्मशुद्धि, संयम और आध्यात्मिक साधना का विशेष पर्व है. आठ दिवसीय इस आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं.